इस प्रक्रिया में प्रलंवित कार्बनिक पदार्थ पर सूक्ष्मजीवों के उणी प्रलवंन की उपस्थिति में निकास जल क वातापेक्षण और हिलाना आता है। जोरदार घालमेल और आक्सीजन का समविष्टन भाग मिलाने वाले बेलचों विडोलकों तथा आवरण वातपेक्षकों द्वारा होता है। अवपंक का पारगमन इस वातापेक्षक में होता हैं। वातापेक्षक में आवश्यक आवास के बाद अवपंक द्वितियक अवसादक टंकी में प्रलंवित ठोस के निराकरण के लिए जाता है। अवपंक के एक भाग की इस टंकी से पुनः चक्रण वातापेक्षी टंकी में जैव प्रक्रिया को वहाल रखने के लिए किया जाता हैं। अन्य भाग अवपंक अपशिष्ट होता है। जो अवपंक उपचार प्रक्रिया के लिए भेज दिया जाता है। इस प्रक्रिया को चित्र 19.2 में रेखांकित किया जाता है।



चित्र 19.2

यह प्रक्रिया वातापेक्षी टंकी में बहिःस्राव की वातापेक्षी से शुरू होता है तथा उसमें गाय का गोबर वातापेक्षक में रूप में डालते है। वीजारोपण की आवश्यकता जब तक होती है जब तक कि सूक्ष्मजीव डेरी निकास जल से कार्बनिक पदार्थ को भोजन के रूप में लेने लगे। इस उपचार में प्रमुख नियंत्रण सूक्षमजीव की जनसंख्या है जिसको मापन मिश्रित तरल प्रलंबित ठोस (MLSS) के दिनभर के तलछट के परिमाण के द्वारा करते है। अगर सूक्ष्मजीव की संख्या ज्यादा होता है तो MLSS भी ज्यादा होता है। याद रहें कि आम्लीय बहिःस्राव अवस्था में अगर गड़बड़ हो जाए तो इसे फिर से चालू करना पड़ता है तथा इसे चालू करने में 1 से 1) महीना लग जाता है। इस अवस्था को नहीं आने देना चाहिए। मल जल का रंग बदलना तथा तलछट बनने की प्रवृति गड़बड़ स्थिति की ओर संकेत करता है, गहरा भूरा रंग व आसानी से तलछट बनने की प्रवृति वातापेक्षी टंकी की बेहतर स्थिति को दर्शातें है।

19.10 उर्ध्वगामी आवतपेक्षी मलजल आवरण (U.A.S.B. प्रणाली)

उर्ध्वगामी आवतपेक्षी अवपंक आवरण को संक्षेप में USAB कहते है। UASB प्रणाली के उद्धभव से डिजाइन इंजीनियर को एक अवातपेक्षी उपचार तंत्र बनाने को प्रेरित किया ताकि डेरी उद्योग से प्राप्त मघ्यम सांद्रता वाले निकास जल का उपचार हो सके। UASB में उपचार उ,र्वगामी रिसक्टर के आधार पर होता है। निकास जल को 5.4–5.0 मीटर के गहराई वाले प्रवेश द्वारा से ऊपर की ओर एक निश्चित वेग से बहाया जाता है। UASB का चित्र 3.3 में दर्शाया गया है। टंकी के नीचले भाग में सक्रिय अवातपेक्षी मल जल आवरण होता है। निकास जल को समान रुप रिएक्टर के तल से ऊपर की अवातपेक्षी मलजल आवरण से होकर बहाया जाता है। मल जल आवरण चादर से पास करने के समय प्रलंबित ठोस उसमें फॅस जाते है तथा जैव विखंडीय पदार्थ का लगातार पाचन होता है। UASB की मूल विशेषता है कि इसमें घने अवपंक विछावन का बनना जो कि रिऐक्टर के जल में बनता है जिससे सभी जैविक कार्य होता है। इस मलजल चादर में जमाव का आंरभ प्रलंबित ठोस और जीवाणु के जमा होने से शुरू होता है। अगर सही स्थितियॉ आंरभ में रखी जाती है तो भिन्न जीवाणुओं के मल तथा दानेदार ठोस उर्ध्वगामी आवतपेक्षी पर देखा जा सकता है। इस घने समुह का यह गुण होता है की वह आसानी से पेंदी में जमे तथा वह आसानी से नहीं धुल सके। सक्रिय जलमल का ठहराव जो या तो दानेदार या ऊनदार ठोस हो उसका UASB रिएक्टर की सही उपचार क्षमता उसमें उच्च कार्बनिक परिमाण दर पर निर्भर करती है। प्राकृतिक टरबुलेंस से निकास जल धारा तथा वायोगैस का उत्पादन बढ़ता है। घुलनशील कार्बनिक को विलय से आवतपेक्षी जीवाणु द्वारा हटाते है और उसको बायोगैस में बदलता है तथा एक छोटे मात्रा नये जीवाणु परिमाण में बदलता है। बायोगैस के द्वारा मलजल आवरण में अच्छी तरह से मिलता है इसलिए दुसरे यांत्रिक मिश्रण की आवश्यकता नहीं पड़ती है। रिएक्टर के ऊपर वाले भाग में एक 'ए' आकार का ढॉचा लगाते है जिसमें वायोगैस जमा होता है तथा यहॉ से वायोगैस निकालते है। दो A आकार के ढॉचों के बीच क्यूसेट जोन होता है जहॉ पर आंतरिक सेटस होता है। यहॉ पर जल मलजल कणों से स्वतंत्र हो जाता है जल मलजल मिश्रण सेटलिंग कंपाटमेंट में जाता है, जहॉ मलजल जमता है तथा यहॉ से पाचन कंपाटमेंट में जाता है। उपचारित जल को नाली में जमा करते है तथा इसे बहाते है। यहॉ। आकृति उपचारित निकाल जल को गैस और मलजल कण से अलग करता है, इसलिए इसे GLS (गैस, तरल, ठोस,सेपेरेटर) कहा जाता है। UASB में आवतपेक्षी दानेदार मलजल होता है जिसमें अच्छी सेटलिंग के गुण होते है अगर रिएक्टर को अच्छी तरह चालू किया जाए।

UASB का लाभ यह है कि इसमें किसी तरह के पत्थर या कोई अन्य माध्यम नहीं भरना पड़ता है और किसी प्रकार के वातापेक्षी तथा मिलाने की जरूरत नहीं होती। इसलिए इसमें ऊर्जा की बचत होती है तथा कम कार्य लागत लगता है। उत्पन्न होने वाली गैस अगर चाहे तो जरूरत के अनुसार जमा कर सकते है। आवातापेक्षी पद्धति के कार्य करने के लिए रिएक्टर तथा पाकपात्र का तापमान 18–200 सै0 से ऊपर हो जबकि मैसोफिलिक का उपयुक्त तापमान 38–400 सै0 तथा थर्मोफिलिक

के लिए 50-600 उपयुक्त होता है। इसलिए भारत के ज्यादातर भागों में तापमान का कोई भी समस्या नहीं होता है। ठंडे देशों में रिएक्टर को गर्म करना पड़ता है इसलिए UASB का इस्तेमाल प्रायः कम होता है। ज्यादा B O D वाले औद्योगिक कचड़ा में निकलने वाला गैस की मात्रा गर्म करने से ज्यादा होता है।

मलजल की अधिक मात्रा को समय समय पर एक अलग पम्प के द्वारा अलग किया जाता है तथा इसे एक साधारण रेत के आवरण पर सुखने के लिए रखा जाता है। पोषक पदार्थो, नाइट्रोजन, फॉस्फोरस आदि इस प्रक्रिया में नहीं हटते है, बल्कि उनकी बचत होती है तथा उसके सिंचाई के साथ डालने से प्रचुर लाभ होता है।



चित्र 19.3 यू.ए.एस.बी. प्रतिकर्मी का वर्गीकृत चित्र

बोध प्रश्न 3

1) वातापेक्षी तथा अवातपेक्षी पद्धति को समझायें?

.....

.....

.....

.....

2) टपकन छननी की संरचना को बताएं?

.....

.....

.....

.....

3) सक्रिय मलजल पद्धति का चित्र बनाएँ?

....

....

....

....

4) सक्रिय जलमल पद्धति में अच्छे मलजल (स्जल) के उपयुक्त रंग तथा सेटलिंग विशेषताएँ क्या क्या है?

....

....

....

....

5) UASB पद्धति का क्या लाभ है?

....

....

....

....

19.11 अपशिष्ट जल का शोधन और पुनः उपयोग

बढ़ती जनसंख्या के साथ, स्वच्छ जल की मांग भी बढ़ती जा रही है। पृष्ठ व भूमिगत जल का संक्रमण, जल स्रोतों का असामान्य विभाजन, वर्षा की कमी, ये सभी कारण हमें यह सोचने पर बाध्य करते है कि हमें अपशिष्ट जल को साफ कर, उपचारित कर उसे पुनः प्रयोग करना चाहिए। किसी भी अपशिष्ट जल की उपचार पद्धति की योजना बनाने तथा उपचारित अपशिष्ट जल के भिन्न उपयोग का विशलेषण करना चाहिए।

अपशिष्ट जल की पुनः प्राप्ति को हम इस तरह से परिभाषित कर सकते है कि वह उपचार या प्रक्रिया जो अपशिष्ट जल को इसके पुनः प्रयोग के लिए उपयुक्त बनाए। उपचारित अपशिष्ट जल का उसी कार्य के लिए पुनः प्रयोग किया जाए जिस कार्य से उसकी उत्पत्ति हुई है। उसे निकास जल का पुनः चक्रण कहते है। यह उद्योगों में ज्यादा प्रचलित है। अपशिष्ट जल का पुनः प्रयोग मूलतः उपचारित अपशिष्ट जल का लाभप्रद कार्य जैसे कि खेती या भूमी की सिंचाई के लिए प्रयोग। अपशिष्ट जल का पुनः प्रयोग समाज के लिए लाभप्रद है जिसका अप्रयत्क्ष रूप से इसका उपयोग भूमिगत जल का पुनः चक्रण तथा नाविकों के लिए भी होता है।

अपशिष्ट जल के पुनः प्रयोग के मूल संभावित उपयोग है।

- खेतों में फसलों व वाणिज्यक पौधा घर के सिंचाई के लिए।
- सार्वजनिक स्थान के भूमि की सिंचाई, जैसे की बागवानी, स्कूल, गोल्फ का मैदान तथा हरित क्षेत्र
- औद्योगिक निकास जल की पुनः चक्रण करना, इसमें शामिल है, ठंडे जल तथा प्रक्रिया जल का पुनः इस्तेमाल, वॉयलर में उपचारित जल का पुनः इस्तेमाल।

- भूमिगत जल की पुनः प्राप्ति।
- मनोरंजन व पर्यावरण इस्तेमाल के लिए जहॉ उपचारित जल का इस्तेमाल तालाब, झील आदि के रूप में।
- शहरी क्षेत्रों में अपेयजल के रूप में जैसे- पखाना साफ करना, वाताकुलन, आग बुझाने के लिए।
- पेयजल के टंकी में मिलाना।

अभी उपचारित जल का मूल उपयोग है, खेती व जमीन की सिंचाई, औद्योगिक कार्यो में पुनः इस्तेमाल तथा भूमिगत जल के पुनः पूर्ति करने के लिए। दूसरे कार्य के लिए अभी उतना प्रसिद्ध नहीं है तथा इसका आयतन भी कम है। इसके पुनः प्रयोग के मूल बाधक कारक है, उपचारित निकास जल के गुणवत्ता पर ध्यान देना। नमक तथा सम्पूर्ण घुलनशील ठोस पदार्थ का प्रभाव फसल व मिट्टी पर पडत्रता है जिसका ध्यान कृषि तथा जमीन सिंचाई के दौरान रखा जाता है। यह गर्म तथा सूखा समय में और त्वरित हो जाता है जहॉ उच्च वाष्पीकरण हानि तथा पत्तों द्वारा होने वाला वाष्पीकरण से अधिक नमक जमा हो जाता है। जल का पुनः इस्तेमाल के लिए जहरीला रसायन तथा रोगाणु के उपस्थिति दूसरा प्रमुख ध्यान देने वाला बिन्दु है। औद्योगिक कार्यो के लिए इस्तेमाल में प्रमुख बाधक है, बदबू, जंग तथा जैविक वृद्धि की समस्याएँ।

19.12 वहिःस्राव को नष्ट करना

अपशिष्ट जल उपचार के बाद वहिःस्राव कहलाता है। इस वहिःस्राव का पुनः प्रयोग कुछ कार्यो के लिए हो सकता है, जिसे हम पहले अध्याय में चर्चा कर चुके हैं। अन्यथा इसे पर्यावरण में प्रवाहित देते है जहॉ पर यह जल चक्र का भाग बन जाता है। नष्ट करने के लिए मूलतः दो विधि है। प्रायः सबसे आसान विधि है वहिःस्राव को प्राकृतिक जलाशयों, जैसे तालाब, नदी, झरना आदि में मिलाना। दूसरी विधि है, जिसमें वहिः स्राव को खाली भूमि पर फैला देते है, जिससे वहिःस्राव भूमिगत जल में चला जाता है। नष्ट करने की विधि चुनने से पहले उससे होने वाले पर्यावरण पर प्रभाव का ध्यान रखना चाहिए जो की सारे पर्यावरिणक संवैधानिक नियमों के मापदंड पर खरा उतरे। इसकें मुख्य मानदंण है प्रलंबित ठोस, अम्लता तथा कोलिफार्म हैं।

बोध प्रश्न 4

1) पुनः प्राप्ति तथा पुनः चक्रण को परिभाषित करें?

.....

.....

.....

.....

2) अत्याधिक मात्रा में उत्पन्न उपचारित जल का पुनः प्रयोग किन मुख्य कार्यो में हो सकता है?

.....

.....

.....

.....

3) उपचारित निकास जल पुनः चक्रण का औद्योगिक उपयोग में कौन कौन से बाधाएँ है?

....

....

....

....

4) उपचारित जल के पुनः प्रयोग के मुख्य विधि क्या है?

....

....

....

....

19.13 सारांश

अपशिष्ट जल नष्ट करने से पर्यावरण पर उसका प्रभाव कम करने के लिए नष्ट करने के पहले उसका उपचार आवश्यक है। डेरी निकास जल में कार्बनिक पदार्थ की बहुलता होती है, इसलिए जैविक पद्धति से उपचार सबसे लाभप्रद है। लेकिन, जैविक उपचार के पहले कुछ प्राथमिक उपचार आवश्यक है, जैसे भौतिक तथा रसायनिक उपचार। वातापेक्षी व अवातापेक्षी जैविक उपचार तंत्र मूलतः डेरी अपशिष्ट जल के उपचार के लिए उपयोग होते है, वे है, वातापेक्षी झील, टपकन छननी विधि। घूर्णन जैविक कांट्रेक्टर, UASB तथा सक्रिए जलमल विधि। उपचार के बाद वहिःस्राव का पुनः इस्तेमाल कुछ कार्यो में होता है। अगर पुनः पूर्ति और पुनः इस्तेमाल नहीं हो पाए तो उसे कुछ वैद्यानिक नियम के अधीन पर्यावरण में नष्ट करना चाहिए।

19.14 शब्दावली

बहाव जल : वह जल जो उपाचारित तंत्र से उपचार होकर बाहर निकलता है

वाष्पीकरण : वह प्रक्रिया जिसमें द्रव जल वाष्प में बदलता है। जल वाष्पीकरण, मैदानी तथा बर्फीली सतह वाष्पीकरण लेकिन पत्तों के सतह से नहीं।

भूमि जल : जल जो जमीन के नीचे की ओर रिसता है तथा नीचे वाले मृदा, चटटान तथा रेत के रन्ध्र में जमा हो जाता है। जल के परिपूर्णता वाले भाग के ऊपरी सतह को जल स्तर कहते है।

भूमिगत जल की पूनःपूर्ति : सतह से भूमिगत जलाशय में पानी का बहाव। मृदा के रन्ध्र से जल का बहाव के कारण प्राकृतिक रूप से जल स्तर की पुनः पूर्ति होती है। इस प्रक्रिया से जल आयतन में बढ़ोतरी होती है।

जल ठहराव काल : तरल पदार्थ का रिएक्टर में ठहराव काल।

पेयजल : पीने योग्य जल को पेयजल कहते है।

ठोस ठहराव काल : ठोस पदार्थ के रिऐक्टर में ठहराव काल को ठोस ठहराव काल कहते है।

उत्स्वेदन (वाष्पोटसर्गन) : पौधा अपनी जड़ो से मृदा जल लेता है और उसे पत्तियों तक पहुँचाता है, इसके बाद पत्तियों के रन्ध्र से जल वाष्प के रूप में वातावरण में चला जाता है। इस क्रिया को उत्स्वेदन कहते है।

अपशिष्ट जल : जल जिसका इस्तेमाल घरो, उद्योगों तथा व्यापार में उपयोग हुआ हो और जिसका प्रयोग पुनः बिना उपचार नही किया जा सकता

19.15 कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकें

Metcalf and Eddy (1995). *Wastewater Engineering: Treatment, Disposal and Reuse*. Tata McGraw Hill Publishing Company Ltd., New Delhi.

Birdie G.S. and Birdie J.S. (2003). *Water Supply and Sanitary Engineering*. Seventh Edition. Dhanpat Rai Publishing Company, New Delhi.

Vigneswaran S. and Viswanathan C. (1995). *Water Treatment Processes: Simple Options*. CRC Press, New York.

Jha S. N. (2004). *Dairy and Food Processing Plant Maintenance: Theory and Practice*. International Book Distribution (Publication Division) Company, Lucknow.

19.16 बोध प्रश्नों के उत्तर

आपके उत्तर में निम्नलिखित बिन्दुओं का समावेश होना चाहिएं।

बोध प्रश्न 1

1) यदि अपशिष्ट जल स्थिर स्थिति में ज्यादा समय रहता है तो यह काला और गन्दी बदबू वाला हो जाता है।

2) जैव रसायनिक बदलाव की गति और घुलनशील गैसों की मात्रा, तापमान पर निर्भर करता है। उच्च्व ताप पर ऑक्सीजन की घुलशीलता कम होती है, इसलिए अधिक मात्रा में वायु मिलाना पड़ेगा।

3) बी0ओ0डी0 ऑक्सीजन की एक लीटर निकास जल में मिलिग्राम मात्रा जो जीवाणु के लिए चाहिए ताकि वह 5 दिन में 20 सैल्सियस पर कार्बनिक पदार्थ को वातापेक्षी विखण्डन कर सके।

4) निकास जल उपचार प्रणाली का खाका तैयार करना तथा अन्तिम उपचारित निकास जल का पुनः इस्तेमाल व समाप्त करने का निरीक्षण।

बोध प्रश्न 2

1) कच्चे पदार्थो तथा पदार्थ की न्यूनतम से कम बर्वादी जमा किया हुआ कचरे को नीचले क्रम के पदार्थ में बदलना तथा पूध के बाकी बचा हुआ भाग को फेज से नाली में बहाना।

2) भौतिक, रसायनिक तथा जैविक प्रणाली। जैविक प्रणाली ज्यादा महत्वपूर्ण होता है।

3) बहाब गति तथा कार्बनिक पदार्थ की सान्द्रता / बी0ओ0डी0 के भिन्नता को कम करना।

4) रसायनों को डालना, घुलनशील व प्रलंबित ठोस का भौतिक स्थिति बदलकर उसे तैरने योग्य और तल में जमने योग्य बनाना।

बोध प्रश्न 3

1) वातापेक्षी - ऑक्सीजन की उपस्थिति

अवातापेक्षी - ऑक्सीजन की अनुपस्थिति

2) वेलनाकार टंकी -जैविक परत को भरना तथा बांधना जिससे सहारा मिल सके।

निकास जल संग्राहक - निचले हिस्से में

उपचारित अपशिष्ट जल का इकट्ठा करना।

3) चित्र बनाना जो मूल ग्रन्थ में दिया गया है।

4) गहरा भूरा रंग तथा सरलता से तल में जमने की विशेषताए।

5) इसमें शक्ति की खपत कम होता है क्योंकि रिएक्टर को बॉधने की आवश्यकता नहीं होती तथा कोई वातापेक्षी यंत्र तथा मिलाने वाले यंत्र की आवश्यकता नहीं होती।

बोध प्रश्न 4

1) पुनः प्राप्ति -अपशिष्ट जल का उपचार तथा पुनः प्रयोग किसी कार्य के लिए करना, जैसे कि उसी कार्य के लिए जिस से अपशिष्ट जल की उत्पत्ति हुई है।

पुनः चक्रण- अपशिष्ट जल का उपचार व पुनः प्रयोग उसी कार्य के लिए जिस से उसकी उत्पत्ति हुई है।

2) कृषि तथा प्राकृतिक खाली स्थान को सिंचाई, औद्योगिक कार्यो के लिए पुनः प्रयोग तथा भूमिगत जल के पुनः प्राप्ति हेतु।

3) फाउलिंग, जंग लगना तथा जैविक वृद्धि।

4) प्राकृतिक जल स्रोतों में प्रस्राव तथा तनुकरण तथा भमिगत जल को पुनः प्राप्ति में उपयोग करना।

इकाई 20 जल संरक्षण और वर्षा जल का एकत्रण

संरचना

20.0 उद्देश्य

20.1 प्रस्तावना

20.2 जलीय चक्र

20.3 जल संभर और जल संरक्षण

20.4 वर्षा जल एकत्रण

20.5 वर्षा जल के लाभ

20.6 वर्षा जल एकत्रण प्रणाली कैसे काम करती है ?

20.7 हम कितना जल एकत्रित कर सकते हैं ?

20.8 वर्षा जल की संग्रहण प्रणाली के निर्माण की सामग्री

20.9 डेयरी में जल संरक्षण

20.10 सारांश

20.11 शब्दावली

20.12 कुछ उपयोगी पुस्तकें

20.13 बोध प्रश्नों के उत्तर

20.0 उद्देश्य

इस इकाई को पढ़ने के बाद हम निम्नलिखित में सक्षम हो जाऐंगे:

- जल संरक्षण की मूल धारणा को समझना जैसे की जलचक्र और जल सभंर;
- जल संरक्षण व वर्षा जल एकत्रण की महत्वता को जानना;
- वर्षा जल एकत्रण तंत्र और उसके निर्माण को समझना; और
- डेरी संसाधन संयत्र में जल के संरक्षण के विभिन्न चरणों का वर्णन करने में।

20.1 प्रस्तावना

जल एक अमूल्य धरोहर है। समृद्धि और उन्नति के लिए हम इसकी महत्ता इस बात से तय कर सकते है कि सभी महान सभ्यतायें जल स्रोतों के सामीप्य में विकसित हुई है। ताजे पानी का मुख्य स्रोत भूपृष्ठ जल तथा भूमिगत जल है। भूपृष्ठ जल का स्तर वर्षा पर निर्भर करता है। हमको अपने सीमित तथा बहुमूल्य सम्पदा का बहुत सावधानी पूर्वक उपयोग करना चाहिए। इसलिए आजकल जल संरक्षण के विषय में जागरूकता बढ़ रही है। कृषि क्षेत्र में सबसे अधिक जल की खपत होती है और इसी कारण कृषि में जल संरक्षण पर विशेष महत्व दिया जा रहा है। वर्तमान में जल आपूर्ति भूमिगत जल को मिलाकर भी आवश्यकता से कम है। घरेलू तथा पेय जल के लिए भी इसकी मात्रा कम पड़ रही है। शहरी क्षेत्र में जीवन व्यापन का उच्च स्तर जल की मांग में वृद्धि करता है और भूमिगत जल को उसके

पुनः पूरण स्तर से अधिक नहीं निकाला जा सकता। सीमित जल संरक्षण के विषय में हमारी जागरूकता बढ़ रही है। औद्योगिक विकास की तीव्र बढ़ोतरी, से, उद्योगों में स्वच्छ जल की मांग भी बढ़ती जा रही है। उद्योग जल संरक्षण व उपचारित अपशिष्ट जल का पुनः उपयोग कर जल संरक्षण में एक मुख्य भूमिका निभाकर स्वच्छ जल की मांग कम कर सकते है। जल संरक्षण, जल प्राप्ति में होने वाले खर्च को कम करने के अतिरिक्त अपशिष्ट जल की मात्रा को कम करता है। इस अपशिष्ट जल को उद्योगों से बाहर भेजने से पहले उपचरित करना आवश्यक है।

हर नागरिक, संस्थान व उद्योग को पानी का उपयोग ध्यान से करना चाहिए। यह स्वच्छ जल स्रोतों के बढ़ाने में भी सहायक हो सकता है। वर्षा जल का उपयोग करना एक ऐसा कदम है और इसमें सभी लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। शहरों के बनने से घरो व कस्वों में मकानों के आसपास के स्थान के कंक्रीट में बदलने से मुख्यतयः नगरों में वर्षा जल जो छतो से बहता है वह नीचे जमीन या नालों में बह जाता है न कि मिटटी में सोखा जाता है। इस वजह से अमूल्य वर्षा जल व्यर्थ हो जाता है। इसलिए घरो व औद्योगिक क्षेत्रों में छतों से जल एकत्रण स्वच्छ जल स्त्रोतों को बढ़ाने में उपयोगी हो सकता है। इस इकाई में हम जलीय चक्र व जलसंभर के मूल सिद्धान्तों के विषय में चर्चा करेंगे जो जल संरक्षण में उपयोगी है। उसके उपरान्त हम वर्षा जल एकत्रण की प्रणाली के घटकों, उनके कार्य और उनके बनाने के लिए उपयोग होने वाली सामग्री के विषय में विचार करेंगे। एक दूध सयंत्र में जल संरक्षण के विषय में भी हम कुछ सुझावों के विषय में ज्ञान प्राप्तकरेंगे। इस इकाई का उद्देश्य जल संभर द्वारा जल संरक्षण का सामान्य तौर पर और डेरी सयंत्र में जल संरक्षण के विषय में विशेष रूप से संवेदना जगाना है।

20.2 जलीय चक्र

जलीय चक्र भूमिगत जल की एक लगातार चलने वाली गति, हानि व पुनः आवेशन क्रिया की विवेचना करता है। कभी समाप्त न होने वाली आदान प्रदान की वह क्रिया जिसमें जल का आदान-प्रदान वायु मंडल से समुद्र और फिर वापस उसी की और हो जाता है इसे हम जल चक्र कहते है। इस क्रिया को चित्र 20.1 में दर्शाया गया है। यह चक्र वह मूल स्त्रोत है जो हर प्रकार के आक्षेपण, (ओलों, वर्षा व बर्फ) आदि सारे जल का स्रोत हैं।

नदी, सरोवर, समुद्र व भूमि से जल का वाष्पीकरण होता है जबकि जल जो की पौधों में इकट्टा है वाष्पोत्सर्जन होकर बादल बनाता है जिससे की जल वायुमण्डल में सुरक्षित एकत्र रहता है। बादलों में जमी वाष्प संघनित होकर वाषपोत्सर्जन की उत्पत्ती करती है। सृष्टि की सभी घटनाओं के समान, यह चक्र भी अपनी ऊर्जा सूर्य से प्राप्त करता है। चित्र में दर्शाये सभी शब्दों का विवरण नीचे दिया है।

i) वाष्पीकरण

सूर्य ऊर्जा जो की पृथ्वी पर पड़ती है उससे सतह के जल अणु गर्म हो जाते है। ये ऊर्जा प्राप्त जल अणु जल सतह से स्वंतत्र होकर वाष्पित होते है और वायुमण्डल में अदृश्य वाष्प के रूप में वायुमंडल मे ऊपर जाते है।



चित्र 20.1: जल वैज्ञानिक चक्र के विभिन्न अवयव

ii) प्रस्वेदन

सभी पौधे अपनी पत्तीयों द्वारा जल वाष्प छोड़ते है। इस प्रक्रिया को प्रस्वेदन कहते है। अच्छी गति से बढ़ते पौधे ज्यादा तीव्र गति से वाष्प उत्सर्जित करते है। यह उनकी जलधारण क्षमता के 5-10 गुणा होता है। यह पोधे की शारीरिक आवश्यकता है।

iii) संघनन

जल वाष्प जो की वाष्पीकरण व संघनन से बनता है वो ऊपर उठता है, ज्योंही तापमान ऊपरी ऊचांई में कम होने लगता है। यह वाष्प ठंडी हो जाती है और इसलिए वायुमण्डल में उपस्थित सूक्ष्म धूल कणों के साथ जो नाभीकणों का कार्य करते है संघनित होती है। ये नाभी कण धीरे धीरे बड़े होते है और मिलकर बादल बनाते है। ये बादल एक स्थान से दुसरे स्थान पर जा सकते है और हवा की गति से वायुमण्डल में घूमते है।

अवक्षेषण

और अधिक उँचा उठने पर बदाल जल से संतृप्त हो जाते है और यह जल वर्षा के रूप में नीचे गिरता है। अगर वायुमंडल का तापमान कम हो तो यह जल ओला या बर्फ वर्षा के रूप में गिरता है। इन सभी प्रकार के पानी के संघनित व धरती पर गिरने के प्रकार को अवक्षेपण कहते है। वर्षा पहाडों के पास अधिक होती है क्योंकि ये बादलों को ऊपर उठाने में सहायक है।

जल अपवाह

अत्याधिक अवक्षेपण या गर्मियों में बर्फ पिघलने से पानी बहता हुआ नदी तालाब या झरनों में जाता है। ये पानी का बहाव पृथ्वी की सतह पर होना जल संभर की स्थलाकृति पर निर्भर करता है और इसे वह जाना कहते है। जल संभर को हम अगली इकाई में पढ़ेगें।

रिसाव

जैसा कि पृथ्वी की सतह प्रवेश्य सतह है अवक्षेपण या बहाव का एक भाग सतह से नीचे की तरफ रिसता है। ये रिसाव नीचे भूमिगत जल में मिल जाता है।

भूजल

मिटटी के नीचे की स्तह में रिसा हुआ जल भूतिगत जल के रूप में जमा होगा या नहीं यह भूमि की भौगोलिक स्थिति पर निर्भर करता है। इस भूतिगत जल को हम कूँआ खोदकर अपने काम के लिए उपयोग में ला सकते है। कभी-कभी, भूमिगत जल नदी या फिर समुद्र में बह जाता है। जल विज्ञान वह विज्ञान है जिसमें जल भंडारण तथा भूमिगत जल की प्रक्षोम गति का अध्ययन किया जाता है।

20.3 जल संभर और जल संरक्षण

वह भूमि जिसका जल प्रवाहित एक ही झील या नदी में आता है, वह एक जल संभर कहलाती है। जल संभर को स्थलाकृति विभाजन के द्वारा बांटा जा सकता है। जो की दो जल तंत्र में सतह बहाव को पृथक करता है। संपूर्ण वर्षा जो एक संभर जल मे गिरती है वह छोटी धाराओं में बहती है, ये छोटी छोटी धाराऐं मिलकर एक बड़ी धारा को जन्म देती है। ऐसी बड़ी धारा एक तालाब या नदी में बहती है। कृषि व औद्योगिक क्रियाकलाप जो की एक जल संभर में होते है वे पृष्ठ जल व भूमिगत जल दोनों की जल गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते है। प्रदूषक अपना रास्ता सतह जल में वाहजल के द्वारा और भूमिगत जल में छालन के द्वारा पाते है मानवगतिविधियॉ और प्राकृतिक शक्तियों का मिश्रित प्रभाव जल संभर भू दृश्य और उसकी जल गुणवत्ता को प्रभावित करता है ये, जिसके फलस्वरूप हमारे स्वास्थ्य व जीवन

यापन पर प्रभाव पड़ता है। औद्योगिक प्रसंस्करण का उदाहरण रखते हुए यह कह सकते है कि यह जल गुणवत्ता को प्रभावित करता है। उद्योगों से उपचारित अपशिष्ट जल पर्यावरण में निष्काषित किया जाता है यह जल संभर के जल तंत्र में पहुँचता है और इस तरह से उपचारित अपशिष्ट जल स्वीकृत स्तर का होना चाहिए (जैसे की इकाई 3 में बताया गया है) जैसे की स्थानीय नियंत्रण अधिकारियों द्वारा अनुबद्ध हुआ है।

जल संभर बहुत बड़ा (जैसे हजारो एकड का बहाव प्रमुख नदी, या समुद्र में) या बहुत छोटा जैसे की 20 एकड जल संभर जो बहकर एक तालाब में जाता है। इस जल संभर को जो एक बडे जल संभर में हो उसे कभी कभी एक उप जल संभर कहते है। जल संरक्षण उपाय जैसे की नियंत्रक बांध, अंतःस्रवण ताल पुनः संभरण कूप, जल संभर की प्राकृतिक पर निर्भर होने चाहिए। ये उद्योगों का सामाजिक उत्तरदायित्व है कि पानी का संग्रहण करें ताकि अपशिष्ट जल कम से कम बने। जल संरक्षण इस तरह से आर्थिक रूप से भी लाभप्रद है। उद्योगों में इस अपशिष्ट जल का उपचार हो सकता है ताकि स्वच्छ जल की मांग को कम किया जा सके। इस प्रकार जल संभर प्राकृतिक सम्पदा जैसे जल, मिट्‌टी, भूमि व वनस्पति के प्रबन्धन तथा स्थायी विकास के लिए एक उपयुक्त इकाई है।

20.4 वर्षा जल एकत्रण

वर्षा जल एकत्रण की एक बहुत प्राचीन पद्धति है की जो की विश्व के विभिन्न भागों में प्रचलित है। हमको महान सभ्यताओं के इतिहास में वर्षा जल एकत्रण प्रणालियों के उदाहरण मिल सकते है। जैसे की नाम से पता चलता है, इस में वर्षाजल को एकत्र कर संजोया जाता है। ये तकनीक आवश्यकता अनुसार सरल व जटिल दोनों हो सकती है। एकत्रित वर्षाजल को प्लास्टिक या धातु की टंकीयों में इकट्‌ठा किया जाता है जिसे हम घरेलु व औद्योगिक प्रक्रियाओं के लिए प्रयोग कर सकते है या यह भूमिगत जल के पुनः आवेशन में काम आता है। भूमिगत जल के अनेक नलकूपों से अत्याधिक निष्कासन के कारण देश के अनेक भागों में भूमिगत जल स्तर नीचे पहुँच गया है। भिन्न भिन्न देशों में इस भयावह स्थिति से गिरते भूमिगत जल के स्तर को निराकरण के लिए वर्षा जल की हर बूँद को इकट्‌ठा करके जल गत का आवेशन करना चाहिए है। क्योंकि यह भूमिगत जल का एकमात्र स्त्रोत है। भारत में, पारम्परिक विधि से वर्षाजल को तालाबों में जमा किया जाता है, जिसे हम पीने, सिचांई व अन्य कार्यो के लिए प्रयोग कर सकते है। सामान्यतयाः इनसे वाष्पीकरण द्वारा पानी की हानि होती है। जनसंख्या के बढ़ने के साथ, घर बनाने के लिए भूमि की आवश्यकता बढ़ती जा रही है ये तालाब बहुत शीघ्र लुप्त हो रहे है छोटे शहरों में भी क्योंकि घर बनाने के लिए भूमि की मांग बढ़ रही है। ये हमारी सोच को बदल रहा है। अब हमारे पास दो विकल्प है जिससे हम वर्षा जल का सदुपयोग कर सकते है। पहला विकल्प है, वर्षा जल को एकत्र कर उसे एकत्रण टंकी में इकट्‌ठा करने के उपरान्त उपयोग करें। दूसरा विकल्प है वर्षा जल एकत्रण द्वारा भूमिगत जल का पुनः आवेशन/विभिन्न पुनः आवेशन संरचनाऐ उपलब्ध है जिससे हम भूमिगत जल को वर्षा जल से पुनः आवेशित कर सकते है। इन्हें यहॉ समझाया गया है।

गडढ़े –पुन चक्रण गडढ़ो को उथले जल भर में पुनः संभरण के लिए बनाया जाता है। इनको 1–2 मीटर चौड़ा और 3 मीटर गहरा बनाया जाता है। जिनको पुनः गोलाष्म, बजरी और मोटे रेत से भर दिया जाता है।

खाई –ये तब बनाए जाते है जब प्रवेश्य धारा उथली गहराई पर उपलब्ध हो। खाई का 0.5 से 1 मीटर, 1 से0 1.5 मी गहरा और 10 से 20 मीटर लम्बा हो सकता है जो की पानी की उपस्थिति पर निर्भर करता है। इन्हें हम पुनः निस्यंद पदार्थ से भरते है।

खुदा कुऑं – पहले बने हुए कूप को ही हम है पुनः आवेशित ढॉचे की तरह उपयोग कर सकते है और इनमें पानी मानक छलनी या दूसरे छलनी माध्यम द्वारा प्रवाहित करके कूप में रक्खा जाता है।

हाथ का पम्प - पहले से लगे हाथ के पम्प को उथले जलभर को पुनः आवेशित करने मे प्रयोग किया जा सकता है। अगर पानी की उपलब्धता कम है तब पहले पानी को छलनी माध्यम के ऊपर से बहाया जाता है और तब हस्त जल नल की ओर निर्देशित किया जाता है।

पुननिर्माण कूप - ये सामान्यता 10-30 से0 मी0 व्यास के बनाये जाते है ताकि ये गहरे जलभृत को रिचार्ज कर सके इनमें जल को पहले छानन प्रणाली द्वारा पास किया जाता है जिससे की इनकी रोधन न हो।

पुननिर्माण कुंड - जल भृत को पुनः आवेशित चार्ज करने के लिए, जो की चिकनी स्तह के नीचे स्थित है, ये इस्तेमाल होते है। इनका आकार है 0.5 -3 मीटर व्यास और 10-15 गहरा होता है। खोदने के बाद, इन्हें गोलाष्म, बजरी और मोटे रेत से भर दिया जाता है।

फैलाने की विधि -जब पारगम्य भूपर्त ऊपर से आरम्भ होती है तब इस तकनीक का उपयोग होता है नदी नालों में जल का फैलाव नियंत्रण बॉध और बंध लगाकर किया जाता है।

बोध प्रश्न 1

1) जल चक्र क्या है?

.....

.....

.....

2) जल वाष्प बादल के पास कैसे जाते है?

.....

.....

.....

3) उद्योगों की जल संरक्षण में क्या भूमिका है?

.....

.....

.....

4) जल संभर की जल संग्रहण में क्या महत्ता है?

.....

.....

.....

5) एकत्रित वर्षाजल को कैसे उपयोग में लाते है?

.....

.....

.....

20.5 वर्षा जल के लाभ

वर्षा जल को इकटठा करना केवल जल संग्रहण नहीं है, बल्कि ऊर्जा संरक्षण भी है क्योंकि यह पानी के उपचार व पम्प करने वाली ऊर्जा की खपत को भी रोकता है। ये मिटटी के कटाव व बाढ़ को जो की जलस्राव के कारण होता है उसे भी रोकता है। यह पानी की उपलब्धता बढ़ाता है। वर्षा जल की गुणवत्ता अन्य स्त्रोत से प्राप्त जल जैसे पृष्ठ जल व भमिगत जल से उत्तम होती है। जल भूमि और चटटानों से नमक व खनिज उठाते हुए सतह जल स्रोतों जैसे झील तथा नदियों की ओर चलता है। भूमिगत जल का प्रदूषण अधांधुन्ध कीटनाशकों के उपयोग और उद्योगों द्वारा वहिस्राव के अपूर्ण उपचार के कारण होता है। इस प्रकार वर्षा जल इन दो स्रोतों से प्राप्त जल से उत्तम होता है।

हालांकि वर्षा जल एकत्रण स्थान विशिष्ठ होता है परन्तु वर्षा जल औद्योगिक क्षेत्रों को जहॉ प्रदूषकों का स्राव ज्यादा होता है और उन कृषि क्षेत्रों को छोड़कर जहॉ कीटनासकों का अधिक प्रयोग होता है अधिक शुद्ध होता है।

20.6 वर्षाजल एकत्रण प्रणाली कैसे काम करती है?

वर्षाजल एकत्रण तंत्र मूलतः जिन धटकों का बना होता है वे है।

1) छत/ जल ग्रहण क्षेत्र

2) गटर और जोड़ने वाले पाईप

3) पतरी स्क्रीन और पहला बहाव उपवर्तन और श्रेणीकृत छानन जिसमें मोटा रेत, बजरी और पथरी भरी हो

4) एकत्रण टंकी

5) पानी उपचार टंकी

6) जल वितरण टंकी

जबकि कुछ घरेलु वर्षाजल एकत्रण प्रणाली में आप श्रेणीकृत छानन नहीं पायेगें। कुछ बडे वर्षाजल एकत्रण प्रणाली मानक छानक से पहले एक अवसादन टंकी का होना लाभकारी रहता है ताकि धूल के कण नीचे बैठ जाये। एक घरेलु वर्षाजल एकत्रण तंत्र के प्रमुख अंग चित्र 20.2 में दर्शाये गए है।

i) छत जलग्रहण क्षेत्र

वर्षाजल को हम एक आंतरिक छत से इकट्ठा कर सकते है, जिससे रसायन वर्षाजल में नहीं मिलेगा। यह आवश्यक है कि शीशे का प्रयोग न तो छत चमकाने में और न ही, गटर बनाने में हो, क्योंकि हल्की सी अम्लीय गुंण वाली वर्षा शीशे को घुलनशील कर जल आपूर्ति को संक्रमित करती है। ध्यान रहे कि कुछ मिश्रित ऐसफाल्ट ऐसवस्टस सीमेंट की टाईल्स तथा शीशे वाले पेंट, प्रदूषकों को लीच करते है और इस तरह से गुणवत्ता, रंग व स्वाद को प्रभावित करते है। इसलिए हमें चाहिए कि हम मुख्य रूप से छत की बनावट पर ध्यान दे अगर हम वर्षा जल का एकत्रण करना चाहते है हम छत को असंदूसित पेंट से पेट कर सकते है ताकि छत की पारणम्यता कम हो तथा उसकी एकत्रण क्षमता बढ़ सके।



चित्र 20.2: घरेलू औद्योगिक जल एकत्रण प्रणाली के मुख्य अवयव

ii) गटर और जोड़ने वाले पाईप

ये एकत्रण सतह से एकत्रण टंकी को जोड़ने वाली नलिकाऐं है इनका आकार और ढलान वर्षाजल एकत्रण प्रणाली की एकत्रण क्षमता को प्रभावित करते है। हमे बड़ा आकार चाहिए ताकि कम अधिप्लाव व छलकने को रोका जा सके जब अत्याधिक वर्षा होती है। मगर आकार बढ़ाने से लगाने का खर्च बढ़ जाता है। जिससे हमें केवल अति वर्षा से लाभ मिलेगा। इसलिए हमें चाहिए हम उनका उचित आकार निर्धारित करें। जब वर्षा का मौसम नहीं होगा तब चूहे इन पाईप में अपना घर बना सकते है इसलिए समय समय पर इन पाईप को चूहे आदि से अतिक्रमण की जॉच करनीचाहिए।

iii) पत्ती का आवरण प्रथम वहाब परिवर्तक एवं श्रेणीकृत निस्यंन्दक

पत्ती आवरण का कार्य पत्तियों व अन्य कचरे को, वर्षाजल एकत्रण तंत्र में घुसने से रोकना है। प्राथमिक पत्ती निस्यंन्दक 6 मि. मी. तार की जाली प्लास्टिक या धातु आवरण की बनी होती है जो कि गटर के ऊपर होती है। गटर में प्रवेश करने वाला वर्षा का जल आवरण से प्रवाहित होता है जिससे की पत्ते या कचरे को उससे प्रथक किया जा सके। अगर पेड गटर के पास है तो पत्ते एक समस्या बन सकते है। इसलिए एक पतरी का आवरण गटर की पूरी लम्बाई पर लगा होना चाहिए।

प्रथम वर्षा जल कई प्रकार की गन्दगी, बीट व कचरा आदि बहाकर लाता है। इस पहली वर्षा के जल को एक अन्य ओर अपवर्तित करना चाहिए। पहले बहाव परिवर्तक यंत्र का कार्य गन्दगी व कचरे को हटाना है जैसा चित्र 20.2 में र्दशाया गया है। पहला बहाव परिवर्तक यंत्र अन्य कुछ न होकर एक छोटा पाईप/ छोटा कक्ष है। जो गटर के द्वार पर जहॉ वर्षाजल छत से एकत्रित होता हे वहाँ स्थित होता है। जैसे ही वर्षा आरंभ होती है, प्रथम वर्षा जल ढेर सारी धूल व कचरा लाता है जो कि इस पाईप कक्ष में भर जाता है। इसके बाद की वर्षा का जल अपना रास्ता श्रेणीकृत निस्यन्दन एंव एकत्रण टंकी की और बनाता है। इस छोटी पाईप / कक्ष में एक वाल्व नीचे की और होता है जो की अगली वर्षा से पहले उसको खाली करने के लिए प्रयोग होता है प्रारुप से 40 लीटर जल प्रत्येक 100 वर्ग मीटर छत्त के क्षेत्रफल से दिशा परिवर्तित होता है। श्रेणीकृत निस्यंन्दक वो आकृतियॉ है जो महीन छितरते/ कणों को रोकती है। ये मोटी बालू, कंकड व बजरी अनुक्रम से भरी होती है ताकि एक निस्यन्दन विछावन बन सके। हर स्तर पर कणों का आकार और सतह की गहराई कणों को पृथक करने की क्षमता और शीर्ष उपक्षय या सतह की दाब भिन्नता पर प्रभाव डालती है। अधिक क्षमता के लिए छोटे आकार के कणों का अधिक गहराई में प्रयोग करना चाहिए। लेकिन यह शीर्ष उपक्षय को बढाता है। इन निस्यंन्दन की बंद होने की प्रवृति होती हैं इसलिए इनको साफ करते रहना चाहिए या इनका पश्चघोवन करना चाहिए। पश्चधोवन में तल की ओर से दवाब के साथ जल प्रवेश करता है और उपरी पर्त से निष्कासित होता है। यह उपचार कंकड, बजरी, तथा रेत से कणों को प्रथक करता है।

iv) भंडारण टंकी

अच्छी भंडारण टंकी के गुण है मितव्यता, न रिसना, अपारदर्शी और साफ, चिकनी भितरी सतह। यह टंकी एक ठंडे स्थान पर स्थित होनी चाहिए जहॉ कम प्रकाश पड़े। इससे काई की बढ़ोतरी कम होगी। अगर टंकी अपारदर्शी नहीं है और अत्याधिक सूर्य का प्रकाश आता रहा तो, काई अत्याधिक बढ़ जाएगी। हम टंकी को कई पदार्थो से बना सकते है जैसे प्लास्टिक, स्टील, कंकरीट या रेशेदार कांच /टंकी अच्छी तरह ढ़की हो ताकि वाष्पीकरण न हो, मच्छर न जाए और कीट, कीड़े, चूहे, पक्षी व बच्चों की पहुॅच से बाहर हो। टंकी में उसकी सफाई के लिए एक मैनहोल तथा व अधिक जल के निष्कासन के लिए एक तैरता वाल्व हो। टंकी जमीन से ऊॅची, जमीन के नीचे या जमीन के स्तर पर हो सकती है। इसको दीवार से सटाकर गटर के नीचे अच्छी प्रकार बनाना चाहिए। श्रेयकर हो अगर टंकी को ठंडी, सूर्य प्रकाश से हटकर बनाया जाये जिससे यह काई वृद्धि को रोक सके। हमको पर्याप्त एकत्रण क्षमता की आवश्यकता होती है जोकि अनेक कारकों पर निर्भर करती है जैसे की पानी की मांग, वर्षा का स्तर तथा नियमितता और एकत्रण स्थल का आकार आदि द्वारा भंडारण टंकी की क्षमता निर्धारित करते है।

v) जल उपचार

जल उपचार प्रसंस्करण वर्षा जल के संभावित उपयोग पर निर्भर करता है। अपेय जल के उपचार के लिए साधारण निस्यन्दन एवं उर्णन तथा अवसादन के लिए रासायकि स्कंदक उपयोग में लाये जाते हैं केवल पेय जल के उपचार के लिए महीन निस्यंन्दन एवं सूक्ष्मजैविक निसंक्रम की आवश्यकता होती है। क्लोरीन के मिलाने या पैराबैगनी किरणों के सम्पर्क में रखने से जल में निसंक्रमण किया जा सकता है। साधारणयता क्लोरिनीकरण उपयोग में लाया जाता है। अति सूक्ष्म निस्यंन्दन की निरन्तर सफाई एवं रखरखाव की आवश्यकता होती है।

प्रथम प्रवाह परिवर्तक एवं पतरी आवरण लगाने के उपरांन्त भी धूल, गन्दगी, पपडी, पक्षी व चूहों की बीट और वायुवाहित जीवाणु, भंडारण टंकी में जाते है। यहॉ तक की अपेय जल क्रियायों के लिए भी अच्छा होगा यदि ठोस पदार्थो को गुरूत्वाआकर्षण द्वारा निथार ले तथा विक्षेपण से जमाव करने व ठोस का निस्यंन्दन कर ले। विकल्प के तौर पर अंतिम उपभोग से पहले उत्कृष्ट निस्यंन्दन को लगाना चाहिए। विभिन्न जल उपचार प्रणालियों के चयन से पहले विशेषज्ञों के साथ विचार विमर्श करना चाहिए। एक निश्चित समयान्तराल पश्चात जल की गुणवत्ता का परीक्षण एक प्रमाणित प्रयोगशाला द्वारा कराया जाना चाहिए।

vi) उपचारित वर्षा जल के वितरण की प्रणाली

उपचारित जल को उसके उपयोग में लेने के स्थान तक पहुचाना आवश्यक होता है। इसके लिए एक अच्छी वितरण प्रणाली होनी चाहिए। अगर कुण्ड नल से ऊचे स्थान पर बनाया जाये, तो जल गुरूत्व बल के कारण बहता है। अन्यथा हमें जल वितरण के लिए एक यंत्र की आवश्यकता होती है। वर्षा जल को एकत्रित एवं जल के वितरण के लिए प्रभावी नलसाजी बहुत ही महत्वपूर्ण है।

बोध प्रश्न 2

1) दूसरे जल स्रोत की तुलना में वर्षा जल के क्या लाभ है।

....

....

....

....

2) वर्षा जल की संग्रहण पद्धति के घटकों की सारणी बनायें।

.....

.....

.....

.....

3) आरंभिक वर्षा जल का दिशापरिवर्तन क्यों आवश्यक है?

.....

.....

.....

.....

4) भंडारण कुड के निर्माण के समय क्या मापदंड उपयोग किये जाते है।

.....

.....

.....

.....

5) वर्षा जल को पीने योग्य बनाने के लिए हम क्या उपचारण प्रसंस्करण उपयोग में लेगें?

.....

.....

.....

.....

20.7 हम कितना जल एकत्रित कर सकते हैं?

वर्षा जल के संग्रहण की मात्रा वर्षा के संभावित स्तर और उसकी विश्वसनीयता पर निर्भर करती है। 1 वर्गमीटर के क्षेत्र में एक सेंटीमीटर वर्षा 10 लिटर पानी के समतुल्य होती है। एक बार हमें यह ज्ञात हो जाये तो अन्य महत्वपूर्ण मापदंड संग्रहण दक्षता तथा वर्षा की विश्वासनीयता है।

एकत्रिकरण की दक्षता: सम्पूर्ण वर्षा जल को एकत्रित करना सरल कार्य नहीं है। कुछ वर्षा जल छत में समा जाता है। इसके अतिरिक्त वर्षा जल का कुछ भाग आरंभिक अवस्था में परिवर्तित कर दिया जाता है। सामान्यतया: प्रथम वर्षा जल अपने साथ छत पर एकत्रित धूल व पक्षियों की बीट इत्यादि बहा कर लाता है वर्षा जल के इस प्रथम भाग का दिशा परिवर्तन छत धुलाई कहलाता हैं जो कि छत के प्रकार पर निर्भर करता है। साधारणतय: यह सम्पूर्ण वर्षा का केवल एक अल्प प्रतिशत होता है। भंडारण टंकी के भर जाने पर हम अतिरिक्त वर्षा जल को एकत्रित करने वाली प्रणालियों की एकत्रीकरण दक्षता अलग अलग होती है जो 50-90 : तक हो सकती है।

वर्षा की विश्वसनियताः एकत्रित जल की मात्रा की गणना के लिए हमें वर्षा की आवश्यकता होती है। स्थानीय औसत वर्षा मापन वर्षा जल को मापने का एक उपाय है लेकिन औसत वर्षा के आंकडे, पूरे वर्ष लेना एक अपरिष्कृत पद्धति है। एक क्षेत्र में पूर्व वर्षा के आंकडो के सांख्यकरण की आवश्यता होती है। यह विश्लेषण हमें वर्षा के होने की संभावना बताता है।

प्रतिदर्श मापनः मान लिजिए हमारे पास 50 मी2 का आवाह सतह है और इसकी वर्षा की एकत्रित करने की क्षमता 60ः है। अगर आंकड़ों के विश्लेषण से हमारे क्षेत्र की प्रायिक औसत वर्षा 70 सै0मी0 है, तो संग्रहित वर्षा जल की मात्रा गणना निम्न प्रकार की जायेगी :

0.7 मी $\times$ 50 m^2 $\times$ 0.6 = 21 मी^{3} का 21,000 लीटर

अपति हमको 50 मी^{2} के क्षेत्र के लिए 21 मी^{2} क्षमता की आवश्यकता होगी।

20.8 वर्षाजल की संग्रहण प्रणाली के निर्माण की सामग्री

वर्षा जल के एकत्रित करने की प्रणाली के विभिन्न भागों के लिए विभिन्न सामान का उपयोग होता है। जो कि निम्न निम्नलिखित हैः

छतः छत जिसके द्वारा वर्षा जल एकत्रित किया जाता है, की सतह चिकनी या सीमेन्टीड होनी चाहिए। छत के लिए धातु का भी उपयोग किया जाता है। छत की संरध्रता को कम करने के लिए हम छत की पेंटिंग कर सकते है। सीसा युक्त पेंट के उपयोग से बचना चाहिए, क्योंकि इससे लैड के वर्षा जल में घुलने के आसार होते है। दूसरे छत बनाने के सामान जैसे मिश्रित डामर, एसवेस्टस तथा कंकरीट है जो रासायनिकों के निक्षालन द्वारा संग्रहित जल की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकते है।

नाले एवं जोड़ने वाले पाइपः नाले साधारणतया जोडरहित वाहिवेधित अल्यूमीनियम के बने होते है। जस्तेदार लोहा या पीवीसी जोड़ो के पाइप को जोड़ने के लिए उपयोग में लाया जाता है।

पत्तरी आवरणः एक उपयुक्त मोटाई की धातु एवं प्लास्टिक युक्त फ्रेम की तारों की जाली होती है।

निस्यंन्दनः निस्यंन्दन की सरंचना ईंट, कंकरीट या प्लास्टिक की महीन परत हो सकती है। यह संरचना भरित होती है।

टंकी एवं संग्रहण सरंचनाः संग्रहण टंकी के लिए सामान्यता ईंट, कंकरीट प्लास्टिक, स्टील तथा तन्तुकाँच की सिफारिश की जाती है। टंकी के निस्यंन्दन की साम्रागी टिकाऊ एवं निष्क्रिय होनी चाहिए। उपयोग के आधार पर जैसे, बागवानी के जल के लिए खुले तालाब का उपयोग करते है। ऐसे तालाब के किनारों पर पन्नी का आवरण चढ़ा देना चाहिए यह अविष्कार लागात कम कर सकता है।

जल उपचार पद्धतिः अपेय जल के लिए साधारण कार्ट्रिज निस्यंन्दन होता है अगर वर्षा जल का उपयोग पीने के लिए हो तो असक्रिमिकरण के लिए एक क्लोरीनिकरण टंकी या एक पैराबैगनी किरणों युक्त क्षेत्र बनाया जाना चाहिए।

वितरण व्यवस्थाः वितरण पाइप साधारणता जस्तेदार लौहे के बने होते है।

20.9 डेयरी में जल संरक्षण

डेयरी संयत्र के प्रसंस्करण में जल विभिन्न उपयोगों में लाया जाता है। यह गर्म करने, ठण्डा करने, धुलाई एवं सफाई के उपयोग में आता है। इन कार्यो में 1 लीटर दुग्ध के लिए 3–4 लीटर

जल प्रयुक्त होता है। यद्यपि ऐसे संयत्र के उदाहरण है जहॉ प्रयुक्त जल की मात्रा को 1 लीटर दुग्ध के लिए 1 लीटर जल तक कम किया गया है। डेयरी संयंत्र की प्रसंस्करण के जल संरक्षण के दो लाभ है। यह जल तथा बिजली के बिल को कम करता है। यह अपशिष्ट जल उपचार लागत को भी कम करता है क्योंकि संयंत्र का सारा पानी निष्कासन से पहले उपचार में जाता है। बढ़ती जागरूकता के साथ, उद्योगों पर पानी के संरक्षण का भार भी बढ़ता जा रहा है। इसे पर्यावरण के लिए लाभप्रद माना जा सकता है तथा वातावरण की अनुकूलता एवं यही टिकाऊ विकास के लिए रास्ता बनाता है। जल संरक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए बचबद्धता प्रबन्धन की जरूरत है। एक बार मैनेजमेंट अगर तय कर ले की पानी बचाना है, तो उसको उन लोगों की जो इससे जुड़े है मानसिक स्थिति को बदलना पडेगा। प्रबन्धन को नई नई विधियॉ खोजनी चाहिए ताकि वह सयंत्र के कार्यकर्ताओं को सिखा सके ताकि वे जल संरक्षण के लक्ष्य को पूरा कर सके। जो लोग इससे जुडे है उन्हें चाहिए की वह पानी को एक बहुमूल्य कच्ची सामग्री समझे और प्रबन्धन को लोगों को नई सोच के लिए प्रेरित करना चाहिए।

हर संयत्र को अपनी पानी की खपत को माप कर निर्धारित करना चाहिए और यह निश्चित करना चाहिए की पानी जो एक प्रसंस्करण से निकल रहा है वह दूसरे में जाए। दूसरे कार्यो में, पानी का उपचार अनिवार्य हे जिससे पहले की वह किसी अन्य कार्य में लगे सारा पानी जो पुनः प्रयोग हो सकता है उसके ज्ञात करना चाहिए ताकि उसका ठोस पदार्थ पृथक हो सके। क्लोरीन उपचार को पुनः प्रयोग करके जल के लिए अनिवार्य कहा गया है और अवशिष्ट क्लोरीन 4 मीलीग्राम प्रति लीटर से अधिक होना चाहिए। इसका माह में दोबार निरीक्षण करना चाहिए ताकि उसमें रहने वाले जीवाणु जो कार्बनिक पर्यावरण में रह सकते है मर जाए। डेरी सयंत्र में जल संरक्षण के टिप्पणीयों को युक्त लागू करना चाहिए।

1) स्वचालित बंदी यंत्रों को जो की जल होज में लगते है भाप और जल मिश्रण तंत्र के लिए प्रयोग करें।

2) अधिक दाब जैट से पात्र टेंकर और साइलों की सफाई कम पानी में होती है।

3) जल मीटर लगाए और उसको हर शिट के बाद पढ़े ताकि यह पता किया जा सके की कौन लोग जल संरक्षण कर रहे है और कौन नहीं।

4) जब भी हो जहॉ भी हो सके पुनः इस्तेमाल जल का प्रयोग करें। उदाहरण के लिए, इन प्लेस प्रणाली में ली गई सफाई, धुलाई, के लिए गर्म पानी की मात्रा का इस्तेमाल हुई उसका उपयोग अगली धुलाई सफाई चक्र के लिए हो सकता है।

5) स्तर नियंत्रक का प्रयोग पम्प को नियत्रित करने के लिए करें। इससे टंकी में बहाव नहीं होगा।

6) सफाई की पुनारवृति कम हो सकती है अगर हम लगातार वैच प्रक्रिया के स्थान पर संतत प्रक्रिया का इस्तेमाल करें। डेरी संयत्र में जो की मूलतः भारतीय डेरी पदार्थ बनाते है उनमें इन मशीनों का स्थापना अधिक सफाई, स्वच्छता व बारम्बार धुलाई की आवश्यकता कम कर सकती है।

7) स्वचालित संचालन के लिए शौचालयों और धुलाई कक्ष में प्रकाशकीय संवेदकों का प्रयोग बन्द करने वाले वाल्व को नियंत्रित करने में करें।

8) पदार्थ व कच्चे पदार्थ को फर्स पर न गिरने दे। गिरे व फैले पदार्थ को साफ करें फिर पानी से धोए। पानी के जैट का प्रयोग पदार्थ के धोने में न करें मूलतः कई डेरी सयंत्र में यही होता है।

9) कार्य के स्वचलन से जल खपत कम होती है। इसलिए सफाई व अन्य संसाधनों का संचालन स्वतः होना चाहिए।

बोध प्रश्न 3

1) पानी की मात्रा जो की इकट्ठी की जा सकती है उसके अंकन के लिए कौन से कारको की आवश्यकता होती है।

....

....

....

....

2) एकत्रण टंकी के निमार्ण के लिए आवश्यक के पदार्थ बताएँ।

....

....

....

....

3) डेरी संसाधन सयंत्र में जल संरक्षण के लाभ बताएँ।

....

....

....

....

4) डेरी संयंत्र में हम कैसे/छिड़काव/ बिखरन/ को साफ करेंगे?

....

....

....

....

5) स्वचलन और निरन्तर यंत्रीकरण का डेरी की जल खपत पर क्या प्रभाव पड़ता है?

....

....

....

....

20.10 सारांश

जल संग्रहण के लिए जल चक्र और जल संभर को समझना आवश्यक है। जल चक्र जल का एक नियमित आदान प्रदान है। स्तर जल जो भूमि पर बहता है और वायुमण्डल में उपस्थित वाष्प जो बादल

बनाता है में उपस्थित सारा जल एक पानी के स्त्रोत जैसे तालाब या नदी में बहता है। जल संभर में होने वाली क्रियाओं में कृषि, गृह कार्य व औद्योगि उत्पादन सभी आते है जो कि जल की गुणवत्ता को प्रभावित करते है। स्वच्छ जल स्त्रोत के स्तर को बढाने का एक मूल साधना है वर्षाजल का एकत्रण। इसके छः मूल घटक है जो कि है छत / आवह क्षेत्र, गटर, जोड़ने वाले पाइप, और प्रथम एकत्रण टंकी, जल उपचार तंत्र और जल वितरण तंत्र। इन घटकों के लिए सही पदार्थ व सही आकार का चुनाव, तंत्र की कार्यक्षमता व लागत पर प्रभाव डालता है। सही तकनीक का उपयोग व लोगों के सोच में बदलाव, से डेरी सयंत्र में पर्याप्त ज का बचाव किया जा सकता है। इस से हम न केवल जल अपने घरों में व कार्य क्षेत्र में जल बचा सकते है बल्कि दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित कर सकते है जो हमारे जीवन को एक नई दिशा प्रदान कर सकता है।

20.11 शब्दावली

जलभर : पानी युक्त मिटटी की स्तह जमीन के नीचे

स्वचलित : उपकरणों व सूक्ष्म प्रसस्करणों का इस्तेमाल किसी कार्यो को नियंत्रण करने के लिए

संतत मशीने : मशीनों के उपयोग से किसी कार्य को लगातार लम्बे समय तक करना।

निसंक्रमण : जीवाणु व अन्य कीटो जो पानी में है उन्हें मारना

जल चक्र : जल के वायुमण्डल से भूमि और समुद्र से वापिस वायुमण्डल में लगातार आदान प्रदान की क्रिया

वर्षाजल एकत्रण : वर्षाजल/ अवक्षेपण को आवाह सतह से एकत्र करना

टिकाऊ : प्राकृतिक स्तोत्र जैसे पानी, थल, जंगल, कोयला, पैट्रोल आदि का अधिक शोषण किये बिना प्राप्त प्रगति

स्थलाकृति : भू-भाग व वनस्पतिक ढलान जो की पानी के बहाव व रास्ते पर प्रभाव डालती है।

जल संभर : वह भू क्षेत्र जिससे जल एक नदी, झील या सरोवर में बहकर जाता है।

20.12 कुछ महत्वपूर्ण पुस्तकें

Texas Water Development Board in Cooperation with the Centre for maximem Prtential Building systems (1997) . *Texas council to Reurfall Harverstry,* Second Edition, Austan, Texan, UJA.

20.13 बोध प्रश्नों के उत्तर

आपके उत्तर में निम्न तथ्यों का समावेश होना चाहिए।

बोध प्रश्न 1

1) थल/जल सतह और बादलों के बीच लगातार जल के आदान-प्रदान को समझाए

2) थल व जल स्तर से होने वाले वाष्पीकरण व पौधे से होने वाला वाष्पोष्सर्जन

3) औद्योगिक जल की खपत कम करने के लिए, स्वच्छ जल स्त्रोतों को वर्षाजल एकत्रण से पूर्ण करके व उपचारित निकास जल की पुनःचक्र के कदम उठा सकती है।

4) जल संभर स्थलाकृति से हम जल संरक्षण के ढॉचे की जगह निर्धारित कर सकते है।

5) भूमिगत जल के पुनः आवेशन के लिए कई तकनीक है जिसे हम बाद में प्राप्त करके टंकी में इकट्ठा कर घरेलु कृषि या औद्योगिक कार्यो में प्रयोग कर सकते हैं।

बोध प्रश्न 2

1) वर्षा जल की गुणवत्ता, भूमिगत जल व सतह जल की तुलना में उत्तम क्यो होती है समझाऐ।

2) खण्ड में बताए छः घटकों की सूचि बनाऐ।

3) पहली वर्षा जल के प्रदूषण तत्व जिन पर ध्यान देना है उन्हें समझाए।

4) जल की मात्रा, उसका माप व वर्षा के स्तर की माप व उसकी नियमितता व आवाह क्षेत्र का क्षेत्रफल ये सब भंडारण टंकी की माप और आकार को निर्धारित करने के कारक है।

5) बारीक ठोस व जीवाणु निसंक्रमण का छानन

बोध प्रश्न 3

1) वर्षा जल एकत्रण तंत्र की दक्षता व वर्षा की विश्वसनियता एकत्रण क्षमता को बताते है।

2) इसमें चिनाई, क्रंक्रीट प्लास्टिक स्टील व ग्लास होते है।

3) इससे पानी का बिल, ऊर्जा की बचत व अपशिष्ट जल के आयतन में कमी होती है।

4) पहले बिखरे पदार्थो को खरोचें फिर पानी से धोये और यह बचनबद्धता की पानी जैट का प्रयोग उपयोग तलछन पदार्थ को ड्रेन में नहीं बहाएगें।

5) स्वचलन और निरन्तर यंत्रीकरण से डेरी संयत्र में जल की खपत कर अनुकुलन प्रभाव पड़ता है।